





# बिगड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर सड़क पर उतरे एसपी और निगम आयुक्त

## उप मुख्यमंत्री ने जताई थी नाराजगी, जयस्तंभ चौराहे पर एसपी ने देखी व्यवस्था, कमियों पर होगा काम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 अप्रैल, शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर हाल ही में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ने राजनिवास में अधिकारियों की बैठक ली थी. जिसमें यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिये थे. उसी तारतम्य में रीवा पुलिस अधीक्षक और नगर निगम आयुक्त ने सड़क पर उतर कर व्यवस्था देखी और आवश्यक दिशा निर्देश दिये.**

44 डिग्री तापमान के बीच दोनो अधिकारी विभिन्न चौराहो में नजर आए. एक ओर जहा वाहन चालको को समझाइश दी. वही तैनात पुलिसकर्मियों को ट्राफिक व्यवस्था को लेकर निर्देश दिये. बेपटरी हो चुकी यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने की कवायत शुरू कर दी गई है. पिछले कई माह से लगातार सड़को पर जाम लग रहा है जिससे लोग हलाकान है और बिगड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर उपमुख्यमंत्री को अधिकारियों की क्लास लगानी पड़ी. एसपी शैलेन्द्र सिंह चौहान तपती धूप में दोपहर जयस्तंभ चौराहा पहुंचे और ट्राफिक व्यवस्था की निगरानी की. जाम लगने के कारणो को देखा और तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश दिये. दरअसल यहा पर सबसे ज्यादा जाम लगता है खासकर जब बसे निकलती है. एसपी ने जयस्तंभ चौराहा सहित अन्य चौराहो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. साथ ही सड़क पर पार्किंग न करने के निर्देश दिये और चालान की कार्यवाही के लिये निर्देशित किया. वही दोपहर नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन बिगड़ी यातायात व्यवस्था को लेकर सड़क पर उतरे. विभिन्न ट्रैफिक प्वाइंट में आ रही दिक्कतो का जहा जायजा लिया. वही अस्थाई अतिक्रमण जो सड़को पर है उसे हटाने के निर्देश दिये. ताकि सड़क पर लगने वाला जाम न हो और लोगो को इससे परेशानी भी न रहे.




### अमहिया रोड के व्यापारियों से आयुक्त ने किया संवाद

निगम आयुक्त ने अमहिया रोड चौड़ीकरण कार्य की स्थिति का भी निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने व्यापारियों एवं प्रभावित नागरिकों से संवाद करते हुए अपील की कि वे स्वेच्छा से अपने अतिक्रमित हिस्से को हटा लें. साथ ही जिन्होंने अभी तक अतिक्रमण नहीं हटाया है, उन्हें अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि वे शीघ्र अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा दो दिवस पश्चात जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की जाएगी. निगम आयुक्त श्री जैन ने कहा कि अमहिया रोड पर दो लेन यातायात की सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित करना प्राथमिकता है, जिससे आवागमन सुगम एवं सुरक्षित हो सके. इस दौरान एसडीएम अनुराग तिवारी आदि उपस्थित रहे.

### जयस्तंभ चौराहे की बनेगी कार्य योजना

निगम आयुक्त ने जयस्तंभ चौराहा का निरीक्षण करते हुए चैराहे के जंक्शन को सुधारने हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए. साथ ही जयस्तंभ चौराहे के पुनर्सरचना के लिए एस्टीमेट तैयार करने को कहा. इसके अतिरिक्त उन्होंने ढेकहा तिराहा, प्रकाश चौराहा, स्टेच्यू चौराहा, बड़ी पुल रोड एवं अस्पताल चैक का भी निरीक्षण किया. उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान प्राप्त स्थितियों के आधार पर समुचित कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र सुधार कार्य सुनिश्चित किया जाएगा.

## 12 परीक्षा केन्द्रों में 3 मई को होगी नीट परीक्षा, केन्द्रों के समीप परिजनों के लिए प्रतीक्षा स्थल की व्यवस्था

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 अप्रैल, आगामी 3 मई को शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में एनटीए नीट यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन किया जायेगा. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें व सुविधाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिये हैं.**

नीट परीक्षा 3 मई को अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित किया गया है. यदि उम्मीदवार पारंपरिक पोशाक पहन रहे हैं तो उन्हें परीक्षा के दिन दोपहर 12.30 बजे तक आवंटित परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को अपने साथ एनटीए वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र की प्रिंट कॉपी, पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो, पासपोर्ट साइज के 2 फोटो, किसी एक अधिकृत फोटो आईडी की मूल तथा वैध प्रति, व्यक्तिगत पारदर्शी पानी की बोतल, लड़कों के लिए हल्के कपड़े, जिनमें लंबे बाजू न हों, कोई फैंसी पॉकेट, जिपर या बैज न हो तथा लड़कियों के लिए हल्के कपड़े, जिनमें कढ़ाई या लंबे बाजू न हों; धातु की वस्तुओं से बचें तथा केवल लो-हील चप्पल या सैंडल पहनने की अनुमति होगी जूते पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी. परीक्षा केन्द्र में कोई भी वस्तु जैसे मुद्रित/लिखित पाठ्य सामग्री, कागज के टुकड़े, ज्यामिति/पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, पेन, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेज़र, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन/स्कैनर आदि तथा कोई भी संचार उपकरण जैसे मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफ़ोन, माइक्रोफ़ोन, पेजर, हेल्थ बैंड आदि प्रतिबंधित रहेगा.

इसी प्रकार अन्य वस्तुएं जैसे बटुआ, चश्मा, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी, कोई भी घड़ी, ब्रोसलेट, कैमरा, आभूषण/धातु की वस्तुएं, कोई भी खुला या पैक किया हुआ खाद्य पदार्थ, पानी की बोतल तथा कोई भी अन्य वस्तु जिसका उपयोग अनुचित उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है, जैसे कि माइक्रोचिप, कैमरा, ब्लूटूथ डिवाइस आदि को छिपाकर रखना प्रतिबंधित किया गया है. शहर में निर्धारित 12 परीक्षा केन्द्रों के समीप परीक्षार्थियों के परिजनों के लिए प्रतीक्षा स्थल निर्धारित किये गये हैं. अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एडिसनल एसपी आरती सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया.

## संक्षिप्त

### 5 परियोजना अधिकारियों को नोटिस

**रीवा,** कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को प्रवेश दिलाए जाने में कमी पाई जाने पर लापरवाह पांच परियोजना अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है. उन्होंने रेणुका मिश्रा परियोजना अधिकारी रायपुर करचुलियान, सुमन नामदेव परियोजना अधिकारी रीवा, अमन कुशवाहा परियोजना अधिकारी गंगेव, दीपक मिश्रा परियोजना अधिकारी त्यौंथर एवं श्रीमती सपनाराम तिवारी परियोजना अधिकारी त्यौंथर को कारण बताओ नोटिस जारी कर समक्ष में उपस्थित होकर तीन दिवस में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं.

### मुख्य सचिव आज करेंगे समीक्षा

**रीवा,** मुख्य सचिव अनुराग जैन 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे से भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों की समीक्षा करेंगे. बैठक में कानून व्यवस्था, सुशासन, राजस्व, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, शिक्षा, खाद्य, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे.

### मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का बैंकवार लक्ष्य निर्धारित

रीवा,, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का बैंकवार लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है. उन्होंने बैंक अधिकारियों से कहा है कि निर्धारित लक्ष्य एवं मापदण्ड का पालन करते हुए शाखा स्तर से लाभप्रद एवं व्यवहार्य प्रकरणों में स्वीकृत एवं वितरण की कार्यवाही करते हुए योजनान्तर्गत प्राप्त प्रकरणों में पात्रतानुसार ऋण स्वीकृत एवं वितरित किया जाना सुनिश्चित करें.



### कृषि वैज्ञानिकों की टीम ने किया बगीचों का निरीक्षण

**रीवा,** कृषि महाविद्यालय रीवा के अधिष्ठाता डा एसके त्रिपाठी द्वारा गठित कृषि विज्ञान केन्द्र रीवा के वैज्ञानिकों की टीम मऊगंज जिले के आम के बगीचों का विभिन्न गांवों में भ्रमण कर निरीक्षण किया. जिसमें प्रमुख रूप से डा राजेश सिंह, एके पटेल, डा अखिलेश कुमार एवं डा के एस बघेल शामिल रहे. यह कार्य केंद्र प्रमुख डा एके पांडेय के निर्देशन में संपन्न हुआ. जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा देखा गया कि आम में प्रमुख रूप से कीट व्याधि के प्रकोप के साथ-साथ पोषक तत्वों की कमी से पेड़ सूख रहे है. जिसके लिए वैज्ञानिकों ने सलाह दिया कि 250 ग्राम कॉपर ऑक्सीक्लोराइड, 2.50 किलोग्राम बिना बुझा हुआ चुना, 250 मिली अलसी का तेल, 25 मिली क्लोरपायरीफास 50 ईसी नामक दवा को 6 से 8 लिटर पानी में मिलाकर पेस्ट बनाकर पेड़ के तने में लेपन या पुताई कराए साथ ही साथ पेड़ के मुख्य तने से 2 से 3 फीट के घेरे में थाला बनाकर गुड़ाई कर सड़ी गोबर की खाद या वर्मी कंपोस्ट की खाद मिलाकर सिचाई करे और फिप्रोनिल 5 प्रतिशत एससी की 40 मिली दवा 20 लीटर पानी में मिलाकर थाले में डाले.

### समर्थन मूल्य के बराबर भुगतान हो : सुब्रत

**रीवा,** भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष किसान सुब्रत ने प्रदेश सरकार से मांग कि है कि सरकार के उपक्रम मध्यप्रदेश राज्य बीज एवं फार्म विकास निगम द्वारा प्रदेश के किसानो का जो बीजोतपादित किये है प्रथम भुगतान समर्थन मूल्य छब्बीस से पच्चीस रूपये प्रति क्विंटल के हिसाब से करने के निर्देश जारी किये जाय. प्रदेश सरकार का उपक्रम मध्यप्रदेश राज्य बीज एव फार्म विकास निगम किसानो के लिए बीजोतपादित बीज का प्रथम भुगतान गेंहू 2200 प्रति क्विंटल निर्धारित किया है जो कि समर्थन मूल्य से भी कम है कयी दिन बीत रहे है किसानो को बीजोतपादित बीज के प्रथम भुगतान नही किया जा रहा. बीजोतपादित बीज का उत्पादन किसान करते है पजियन शुल्क देते है कडी मेहनत कर अच्छे बीज का उत्पादन करते है बरसो से लगातार किसानो के हितो की अनदेखी के कारण किसान बीजोतपादन कार्यक्रम से दूर हो रहे है बीजोतपादित बीज के प्रथम भुगतान से लेकर अन्तिम भुगतान की कोई निर्धारित समय सीमा नही है, बीजोतपादित बीज के उपार्जन दर एव विक्रय दर मे काफी अन्तर रख सरकार का उपक्रम मध्य प्रदेश राज्य बीज एव फार्म विकास निगम लगातार किसानो के हितो कि अनदेखी कर रहा है किसान मजबूर हो के किसानो के हित के लिए बीज के लिए उत्पादन घाटे मे रह कर भी करते है किसानो के द्वारा उत्पादित बीज के उपार्जन दर एव विक्रय दर मे भारी अन्तर रख किसानो की मेहनत पर मुनाफा ले लगातार किसानो के हितो की अनदेखी बरसो से मध्यप्रदेश सरकार का उपक्रम कर रहा है.



## कलेक्टर ने सीईओ जनपद तथा परियोजना अधिकारियों के वेतन आहरण पर लगाई रोक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 अप्रैल, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जनपद पंचायतों के सीईओ तथा जिला पंचायत में पदस्थ परियोजना अधिकारियों एवं सहायक परियोजना अधिकारियों के वेतन आहरण पर आगामी आदेश तक रोक लगाई है.**

कलेक्टर ने कहा है कि ग्रामीण विकास विभाग के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं है. मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना, पेयजल की उपलब्धता एवं वितरण, पंचायत स्तर पर नए राजस्व स्त्रोतों का सृजन, जल गंगा संवर्धन अभियान, एकल नलजल योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति संतोषजनक नहीं है. धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान, ग्रामीण आजीविका मिशन से महिला स्वसहायता समूहों को ऋण वितरण, मनरेगा तथा अन्य योजनाओं की प्रगति संतोषजनक नहीं है. इससे जल गंगा संवर्धन अभियान में रीवा जिले की रैंकिंग 50वीं है. इससे स्पष्ट होता है कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, परियोजना तथा सहायक परियोजना अधिकारियों द्वारा शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार लापरवाही बरती जा रही है. आगामी समीक्षा बैठक तक यदि योजनाओं की प्रगति में अपेक्षा के अनुरूप सुधार नहीं होगा तो उत्तरदायी अधिकारियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए अप्रैल माह का वेतन काटने की कार्यवाही की जाएगी.



## सीमांकन के बाद भी नाले से नहीं हटा अतिक्रमण वार्ड पार्षद ने आयुक्त को लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 अप्रैल, दो माह बाद झमाझम बारिश शुरू होगी और नालो में किये गये अतिक्रमण के चलते पानी की निकासी नही होगी, लिहाजा बाढ़ की स्थित बनेगी. शहर के वार्ड क्रमांक 15 में नाले पर किये गये अतिक्रमण को आज तक नही हटाया गया. जबकि नाले में कई जगह अतिक्रमण है.**

जुलाई 2025 को नाले का सीमांकन हुआ था और अतिक्रमण भी चिन्हित किया गया पर आज तक कोई कार्यवाही नही की गई. लिहाजा एमआईसी सदस्य व वार्ड पार्षद श्रीमती नीतू अशोक पटेल ने निगम आयुक्त को पत्र लिखकर अवगत कराया है और सरकारी नाले से अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिये मांग की है ताकि बरसात के समय पानी की निकासी हो सके. नाले में किये गये अतिक्रमण के कारण पानी की निकासी नही होती और लोगो के घरो में पानी भरने के साथ बाढ़ की स्थित बनती है. जुलाई 2025 में तत्कालीन ननि आयुक्त ने नाले का सीमांकन कराया था और अतिक्रमण चिन्हित किया गया था. एक साल बीतने को आए पर आज तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नही हुई. कई सफेद पोशधारी एवं सरहंग लोगो ने नाले पर अतिक्रमण कर लिया है. इस समय बड़े नालो की सफाई चल रही है ऐसे में नाले से अतिक्रमण हटाकर पानी निकासी की व्यवस्था बनाई जाय ताकि आने वाले दिनो में दिक्कत न हो.

## कमिश्नर और अन्य अधिकारी साइकिल से पहुंचे कार्यालय

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 अप्रैल, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने पर्यावरण संरक्षण और शरीर को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से सुमंगल साइकिल अभियान शुरू किया है.**

इस अभियान के तहत प्रत्येक मंगलवार को कमिश्नर तथा अन्य अधिकारी अपने शासकीय वाहन के बजाय साइकिल से कार्यालय पहुँचते हैं. इस मंगलवार को भी कमिश्नर के साथ-साथ संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, अधीक्षण यंत्री पीएचई महेन्द्र सिंह, खनिज अधिकारी बसंतराम, अन्य अधिकारी साइकिल से कार्यालय पहुंचे. उपायुक्त एलएल अहिरवार तथा अन्य अधिकारियों ने कार्यालय पहुंचने के लिए ई रिक्शे का उपयोग किया. कमिश्नर जामोद ने इस पहल के माध्यम से संदेश दिया है कि पर्यावरण की रक्षा और शरीर को निरोग रखना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है. कमिश्नर ने अपेक्षा की है कि लोग स्वप्रेरणा से एक दिन साइकल से कार्य स्थल तक जाए.

## जनपद पंचायत कार्यालय में खुला प्याऊ

**रीवा, 28 अप्रैल,** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं. इसके साथ-साथ आमजनों को गर्मी से बचाव के लिए शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए जगह-जगह प्याऊ भी खोले जा रहे हैं. इस क्रम में जनपद पंचायत रीवा कार्यालय परिसर में निःशुल्क प्याऊ शुरू किया गया. इस संबंध में जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक ने बताया कि प्याऊ का शुभारंभ जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया. इसका संचालन जन अभियान परिषद की नगर प्रस्फुटन समिति द्वारा किया जा रहा है.



## बेटियों की शादी के पहले चोर उठा ले गए अलमारी, जेवरात पार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 अप्रैल, सेमरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कौड़ीहाई में दो बेटियों की शादी की तैयारी कर रहे परिवार के ऊपर अब समस्याओं का अंबार टूट पड़ा है.**

दरअसल घर में पूरा परिवार सोता रह गया और घर के अंदर घुसे आज्ञात चोरों ने जेबरातों से भारी अलमारी खेत में उठा ले गए. जहां अलमारी को तोड़कर उसमें रखे तकरीबन 15 लाख रुपए से ज्यादा कीमती सोने चांदी की जेवरात चुरा ले गए हैं. पीड़ित परिवार द्वारा घटना की शिकायत सेमरिया थाने में दर्ज कराई गई है पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोरों की पता तलाश शुरू कर दी है. घटना के संबंध में पीड़ित नाग नथिले पाठक निवासी ग्राम कौड़ीहाई ने जानकारी देते हुए बताया कि वह खेती किसानी का काम करते हैं और दो बेटियों की शादी की तैयारी कर रहे हैं. जिसके लिए वह सोने चांदी के जब रात बनवाकर अलमारी में रखे हुए थे. पीड़ित ने बताया कि बीते 22-23 अप्रैल की दरमियानी रात घर के सभी सदस्य सो रहे थे इसी दौरान घर में घुसे अज्ञात चोरों ने सभी दरवाजों में कुंडी लगा दी और जिस कमरे में अलमारी रखी थी वहां का ताला तोड़कर अलमारी को घर से तकरीबन 300 मीटर दूर खेत में उठा ले गए. जहां चोरों ने अलमारी तोड़कर उसके अंदर रखे तकरीबन 15 लाख रुपए कीमती सोने चांदी के जेवरात उठा ले गए. वहीं पीड़ित के पुत्र ने बताया कि 27 और 28 अप्रैल की दरमियानी रात भी उन्होंने तकरीबन आधा दर्जन लोगों को घर के आसपास संदेहास्यास्पद स्थिति में देखा था लेकिन डर के कारण वह घर के अंदर चले गए थे. उन्हें संदेह है कि यह वही लोग हैं जिन्होंने उनके घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. पुलिस जांच कर रही है.

## स्वच्छता की हकीकत जानने सुबह वार्डों में पहुंचे निगम आयुक्त

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 अप्रैल, निगम आयुक्त अक्षत जैन द्वारा शहर की स्वच्छता एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों का प्रातः भ्रमण किया गया.**

इस दौरान उन्होंने वार्ड क्रमांक 13 नेहरू नगर, रतहरा, कोष्टा डंपिंग साइट, रतहरा तालाब, रानी तालाब एवं बिछिया एसटीपी का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त ने रतहरा तालाब में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए एक अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी तैनात करने के निर्देश दिए. साथ ही कचरे के ढेरों के शीघ्र उठाव हेतु समय निर्धारण कर नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा. खाली प्लॉटों में कचरा फैलने की समस्या पर उन्होंने प्लॉट मालिकों से समन्वय कर उन्हें अपने प्लॉट सुरक्षित रखने के लिए स्वच्छता सहयोगी के रूप में प्रेरित करने को कहा. ठेला गुमटी संचालकों द्वारा कचरा फैलाकर फेंकने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने हेतु आईसी टीम को लगातार जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए.

उन्होंने कहा कि ठेला संचालकों को समझाइश दी जाए कि वे कचरे को एक बड़े बैग में एकत्रित करें, जिससे कचरा उठाव में कम समय लगे एवं आसानी हो एवं गंदगी भी कम दिखाई दे. इसके साथ ही वार्ड में एक केंद्रीकृत स्थान पर सफाई मित्रों के दैनिक उपयोग के संसाधन रखने के निर्देश दिए.



## तेज रफ़्तार ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 अप्रैल, रीवा के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. वहां से गुजर रही कोतवाली क्षेत्र की 112 एम्बुलेंस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है.**

घटना बीती रात तकरीबन 3:00 बजे की बताई जा रही है जब युवक बाइक में सवार होकर मैदानी की ओर जा रहा. घायल युवक की पहचान नैतिक श्रीवास्तव के रूप में की गई है जो राधा कृष्ण मंदिर के पास चोरहटा का रहने वाला है. बताया जा रहा है कि युवक देर संजय गांधी अस्पताल की ओर से अपने घर की ओर जा रहा था तभी सड़क पर दौड़ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. सड़क पर लहूलुहान हालत में मिले युवक को पुलिस की 112 एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहा उपचार किया जा रहा है पर हालत गंभीर है.

## रीवा एयरपोर्ट से ए-320 एवं अन्य बड़े विमानों का हो सकेगा परिचालन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 28 अप्रैल, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा सहित समस्त विंध्य क्षेत्र तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है.**

यहाँ के संसाधनों और क्षमताओं के अनुरूप अधोसंरचना का भी भविष्योनुमुखी विस्तार किया जा रहा है. रीवा को नवीन गंतव्यों से हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए सतत प्रयास किए जा रहे हैं. उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में विमानन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से कहा कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए रीवा एयरपोर्ट के विस्तार के प्रयास किए जाएँ. बैठक में विभागीय अधिकारियों ने एयरपोर्ट के विस्तार की कार्ययोजना की जानकारी दी. इसमें रनवे विस्तार एवं अन्य आवश्यक तकनीकी उन्नयन किया जाएगा. विस्तार उपरान्त, भविष्य में, रीवा एयरपोर्ट से बड़े विमानों (ए-320 एवं अन्य) का परिचालन संभव होगा.

बैठक में अपर मुख्य सचिव, विमानन संजय कुमार शुक्ल, आयुक्त, विमानन चंद्रमौली शुक्ला एवं अपर सचिव, विमानन धरणेन्द्र कुमार जैन सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.



## बिना अनुमति मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे अधिकारी

**रीवा, 28 अप्रैल,** कलेक्टर ने जिला पंचायत में पदस्थ अधिकारियों को बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति एवं स्वीकृति के कार्यालय/मुख्यालय से बाहर रहने के निर्देश दिए हैं. समीक्षा बैठक के दौरान पीओ मनरेगा के अतिरिक्त शेष योजना प्रभारी अधिकारी अनुपस्थित रहे. उन्होंने सीईओ जिला पंचायत को निर्देश दिए हैं कि भविष्य में बिना अनुमति के अधिकारी न जाय.